from the national interest, especially keeping in view the security aspects; and

(c) the special steps being taken by Government to police such charter fishing trawlers belonging to Taiwan, with details thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI R. VENKATARAMAN): (a) Yes, Sir. The Ministry of Agriculture have granted permission to certain foreign based companies owning Taiwanese trawlers to enter into charter agreement with Indian Companies.

(b) and (c). Yes, Sir. The foreign fishing trawlers are subjected to stringent terms and conditions of charter under which both their equipment and crew are checked before allowing them to commence fishing operations. Their movement is also watched daily while they are in the Exclusive Economic Zone of India. Check on all foreign fishing trawlers of a foreign nationality is carried out by Coast Guard and Indian Naval vessels.

अहमदाबाद में और अधिक चैक क्लीयरिंग सुविधा उपलब्ध किया जाना

285. **श्री मोती भाई आर० चौधरी** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद में व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों में हुई बढ़ोतरी के कारण वहां पर चैक क्लीयरिंग के बढ़े हुए कार्यभार को देखते हुए, चैक क्लीयरिंग को और अधिक सुविधा उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है और रात्रि चैक क्लीयरिंग सुविधा उपलब्ध करने के लिए भी व्यवस्था किए जाने का विचार है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ख) नागपुर, हैदराबाद, बंगलौर, पटना और अहमदाबाद में चैक क्लीयरिंग का कार्यभार कितना-कितना है और क्या यह सच है कि उक्त नगरों की अपेक्षा अहमदाबाद में कार्य भार अधिक है और यदि हां, तो क्या अहमदाबाद में चैक क्लीयरिंग के लिए और अधिक सुविधा उपलब्ध कराए जाने का विचार है और रात्री-क्लीयरिंग सुविधा भी उपलब्ध कराने का विचार है ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) और (ख). अहमदाबाद बैंकर्स समाशोधन गृह (क्लीयरिंग हाउस) ने दूसरा समाशोधन (क्लियरिंग) शुरू करने के प्रश्न पर अभी हाल ही में विचार किया था लेकिन उसका अनुमोदन नहीं किया गया क्योंकि बैंकों के लिए दो समाशोधनों में भाग लेना तथा उसी दिन वापसी समाशोधन (क्लियरिंग) करना संभव नहीं था । चूंकि, इस समय अहमदाबाद बैंकर्स समाशोधन गृह द्वारा समाशोधित चैकों की संख्या के संबंध में, उसके द्वारा आंकड़े नहीं रखे जाते इसलिए अन्य केन्द्रों अर्थात नागपुर, हैदराबाद, बंगलौर और पटना केन्द्रों के कार्यभार की तुलना में अहमदाबाद बैंकर्स समाशोधन गृह के कार्यभार का जायजा लेना संभव नहीं है । कतिपय महत्वपूर्ण स्थानों पर समाशोधन संबंधी कार्यों का यंत्रीकरण करने का एक प्रस्ताव भारतीय बैंक संघ के परामर्श से इस समय विचाराधीन है और जब उक्त यंत्रीकरण शुरू हो जाएगा तब समाशोधन गृहों के वास्ते चैक के समाशोधन के प्रयोजन के लिए और अधिक सदस्य स्वीकार करना तथा और अधिक समाशोधन बैठकें करना संभव होगा ।

बिहार में पर्यटन के विकास पर फिल्म

286. **श्री कुंवर राम** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार में पर्यटन के विकास पर एक फिल्म बनाई है ;